
समाचार

मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजना

# महापौर ने किया वार्ड कार्यालयों का शुभारंभ

## (वार्ड कार्यालयों का लाभ उठाने नागरिकों से की अपील)

## (निगम क्षेत्र में आज 08 वार्ड कार्यालयों की, की गई शुरूआत)



कोरबा 02 अक्टूबर 2019—गांधी जयंती के अवसर पर आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजनांतर्गत निगम के वार्ड कार्यालयों का शुभारंभ किया तथा नागरिकों से अपील की कि वे इन वार्ड कार्यालयों का लाभ उठाएं तथा यहां से निगम प्रदत्त सेवाओं व सुविधाओं का उपयोग करें। निगम द्वारा अपने 08 जोन के अंतर्गत आज 08 वार्ड कार्यालयों की शुरूआत कर दी गई, इन वार्ड कार्यालयों में सभी कार्यालयीन व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर इनका संचालन भी प्रारंभ कर दिया गया। निर्धारित कार्ययोजना अनुसार निगम क्षेत्र में क्रमशः अन्य स्थानों पर भी वार्ड कार्यालय खोलने की कार्यवाही की जाएगी।

राज्य शासन की मंशा है कि सुशासन के दृष्टिकोण से स्थानीय नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं की घर पहुंच सेवा उपलब्ध कराई जाए एवं समस्याओं का निराकरण वार्ड स्तर पर निकाय के अधिकारियों द्वारा किया जाए ताकि नागरिकों को निकाय में अपने कार्य के संबंध में बार—बार जाने की आवश्यकता नहीं रहे। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजना का क्रियान्वयन कर नगरीय निकाय क्षेत्रों में वार्ड कार्यालय खोले जाने के निर्देश दिए गए थे, जिसके परिपालन में आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में निगम द्वारा वार्ड कार्यालयों को खोलने की जा रही कार्यवाही के प्रथम चरण में आज 08 वार्ड कार्यालयों का शुभारंभ किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने पं.रविशंकर शुक्ल जोन कार्यालय में वार्ड क्र. 23, 26, 27 व 30 वार्ड हेतु बनाए गए वार्ड कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सीताराम चौहान, पार्षद महेन्द्र सिंह चौहान एवं सुशील गर्ग, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर एवं कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा उपस्थित थे। इसी प्रकार कोरबा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 04, 05, 06 हेतु गीतांजलि भवन में बनाए गए वार्ड कार्यालय का शुभारंभ मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी के द्वारा किया गया।

टी.पी.नगर जोन कार्यालय में वार्ड क्र. 02, 03, 13 हेतु बनाए गए वार्ड कार्यालय का शुभारंभ एम.आई.सी. सदस्य मनकराम साहू, रामगोपाल यादव, नेता प्रतिपक्ष योगेश जैन, पार्षद रवि चंदेल व विकास अग्रवाल के द्वारा किया गया। इसी प्रकार कोसाबाड़ी जोन में वार्ड क्र. 18 पथर्रीपारा स्थित नए सामुदायिक भवन में वार्ड क्र. 17, 18, 19, 33 हेतु बनाए गए वार्ड कार्यालय का शुभारंभ एम.आई.सी.सदस्य सुनीता राठौर, मनकराम साहू, दिनेश सोनी, पार्षद पालूराम एवं महेन्द्र सिंह चौहान के द्वारा किया गया, इस मौके पर पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, श्यामसुंदर सोनी, धरम निर्मले आदि उपस्थित थे। बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 41 कांजीहाउस में वार्ड क्र. 40, 41, 42 हेतु बनाए गए वार्ड कार्यालय का शुभारंभ एम.आई.सी.सदस्य देवीदयाल सोनी, पार्षद कृपाराम साहू व संतोष कुर्रे के द्वारा किया गया, वहीं दर्री जोनांतर्गत मंगल भवन दर्री में वार्ड क्र. 43, 44 व 53 के लिए स्थापित वार्ड कार्यालय का शुभारंभ सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य इस्माईल कुरैशी व सुनील पटेल, पार्षद उर्मिला ठाकुर, संजय कुर्मवंशी एवं पीलीदेवी सिदार के द्वारा किया गया। मां सर्वमंगला जोन के अंतर्गत खम्हरिया बस्ती सामुदायिक भवन में वार्ड क्र. 54 व 59 के लिए स्थापित वार्ड कार्यालय का शुभारंभ एम.आई.सी.सदस्य भुवनेश्वरी देवी, पार्षद भानुमति जायसवाल व अमरजीत सिंह द्वारा किया गया। इसी प्रकार बांकीमोंगरा जोनांतर्गत जोन कार्यालय में वार्ड क्र. 63, 65, 66 हेतु स्थापित वार्ड कार्यालय का शुभारंभ पार्षद शांतिबाई बिंझवार के द्वारा किया गया।

<u>वार्ड कार्यालय में उपलब्ध सेवाएं</u>– इन वार्ड कार्यालयों में विभिन्न सेवाएं व सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, इन वार्ड कार्यालयों के माध्यम से सम्पत्तिकर एवं अन्य समस्त करों की मांग पंजी का संधारण एवं कर वसूली व इससे संबंधित समस्याओं का निराकरण, जल प्रदाय कनेक्शन से संबंधित आवेदन पंजीकृत करना व नल कनेक्शन हेतु उचित कार्यवाही सक्षम स्तर से सम्पन्न कराना, जल प्रदाय संबंधित पाईप लाईन, संधारण एवं जल प्रदाय के सभी विषयों का निराकरण, वार्ड कार्यालय के क्षेत्र में आवश्यकतानुसार मांग पर वाटर टैंकर राशि जमा कराकर उपलब्ध कराना, साफ–सफाई एवं स्वच्छता से संबंधित सभी समस्याओं व समस्याओं का तत्काल निराकरण,  सड़क संधारण, नाली संधारण एवं सड़क रोशनी संधारण से संबंधित शिकायतों का निराकरण, गुमाश्ता लाईसेंस एवं अन्य आवश्यक अनुमति व अनुज्ञा के संबंध में आवेदन प्राप्त करना निराकरण कराना व इस कार्य में वांछित दस्तावेजों की आवेदन सहित जानकारी उपलब्ध कराना, वार्ड कार्यालय के क्षेत्र में आने वाले सामुदायिक भवन का निर्धारित किराया जमा कराकर प्रथम आया प्रथम पाया आधार पर आरक्षण करना, सेप्टिक टैंक सफाई हेतु आवेदन पर क्रमानुसार प्रथम आया प्रथम पाया सेवाएं उपलब्ध कराना, वार्ड कार्यालय के क्षेत्र में नए निर्माण कार्यो की मांग का परीक्षण कर प्रथम चरण प्राक्कलन तैयार कर सक्षम स्तर पर प्रस्तुत करना तथा छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी अन्य दिशा निर्देशों का पालन करना प्रमुख है।